डकैती की योजना बनाते हुए सरगना समेत 5 बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

संजय सर्किल पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले 2 युवकों को भी गिरफ्तार किया

जयपुर (कासं)। संजय सर्किल थाना पुलिस ने गुरुवार को डकैती करने से पहले ही पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले दो खरीदारों को भी पकड़ा है। इनके कब्जे से लूटे गए 15 लाख रुपए कीमत के दो महंगे लैपटॉप और 40 महंगे मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपित अव्वल दर्जे के लुटेरे हैं। ये सुनसान जगह पर राहगीरों से मोबाइल छीनते हैं। आरोपी जयपुर शहर में रात को बड़ी डकैती की तैयारी में थे। जिस जगह इन्हें डकैती डालनी थी, उस जगह की दो माह पहले रैकी कर ली थी।

ये आरोपी लूटे गए मोबाइल को साइबर क्राइम करने वालों का डिलीवर करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के अलावा दो आरोपी लूट के मोबाइल खरीदने वाले भी गिरफ्तार किए हैं। इनमें से एक बदमाश शकील मुंबई में चोरी की बड़ी वारदात करने के बाद यहां जयपुर में फरारी काट रहा था। ये जयपुर में एक ज्वैलरी शोरूम में डकैती डालने वाले थे।

एडीसीपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित लाला उर्फ लाल मोहम्मद (19) बंगाली बस्ती नाहरी का नाका शास्त्री नगर, शकील अली (19) कटिहार बिहार हाल शास्त्री नगर, मोहम्मद तारिफ (22) काजी जी का नाला भट्टा बस्ती, जय रुद्दीन (23) पेंटर कॉलोनी शास्त्री नगर और उस्मान (20) पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर का रहने वाला है। इनके कब्जे से डकैती के लिए काम में लेने वाले मिर्च पाउडर, कटार, चाकू, टॉर्च, रस्सी, पेचकस, टेप, कटर, एयरगन, बैग, दो लैपटॉप और 40 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

शेखावत ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे मोबाइल, चेन, पर्स और लैपटॉप छीनते हैं और ज्वेलरी की बड़ी दुकान में चोरी करते हैं। इन्होंने कबूल किया कि ये चोरी और लूटे मोबाइल मोहित स्वामी और संदीप स्वामी निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर को बेचते हैं। इस पर संदीप और मोहित को गिरफ्तार किया है। ये लूटे गए मोबाइल और लैपटॉप को को साइबर क्राइम के लिए मेवात इलाके में बेच देते हैं। साइबर अपराधी एक बार उपयोग में लेकर इन्हें नष्ट कर देते हैं। आरोपी शकील ने जयपुर में आकर एक ज्वेलरी दुकान में चोरी करने की वारदात का प्रयास किया लेकिन जाग होने के कारण विफल हो गए। इसके बाद एक मकान में डकैती डालने की प्लानिंग की थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने दो माह पहले रैकी की थी। वह पकड़े नहीं जाएं इसके लिए उन्होंने इंतजार किया, क्योंकि सीसीटीवी में इतने दिन तक ही रिकॉर्डिंग सुरक्षित रहती है। आरोपी राह चलते लोगों को बातों में उलझाकर या अडंगी लगाकर वारदात करते हैं।

संजय सर्किल थाना पुलिस ने डकैती की वारदात की योजना बनाते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- आरोपियों के कब्जे से 15 लाख रुपए के दो महंगे लैपटॉप और 40 मोबाइल बरामद किए पुलिस ने

रैन-बसेरों में जरूरतमंदों को बांटे 500 से अधिक कंबल

जयपुर । शहर में पड़ रही भीषण ठंड से बचाव के लिए हैरिटेज निगम की ओर से गुरुवार रात जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए।

इस दौरान हैरिटेज निगम की ओर से लगाए गए अस्थाई रैन बसेरों में स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पहुंच कर नागरिकों को कंबल ओढ़ाकर कर उनका हाल चाल पूछा। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सभी को नए साल की शुभकामना देते हुए कहा कि शहर में अत्यधिक सर्दी पड़ रही है। जयपुर राजधानी में प्रतिदिन अनगिनत लोग अपने काम काज के लिए आते है। ऐसे में हेरिटेज निगम की ओर से लगाए गए रैन बसेरों में ही आमजन के लिए ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है।

गुरुवार रात को महापौर कुसुम यादव की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया, जो कि बहुत उत्तम कार्य है। इस दौरान मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अस्थाई रैन बसेरों में निगम व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में महापौर कुसुम यादव, आयुक्त अरुण हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, पार्षद गण और निगम अधिकारी मौजूद रहे।

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से लगाए गए अस्थाई रैन बसेरों में 500 से अधिक कंबल वितरण किए गए।

इस दौरान खासा कोठी पुलिया के नीचे, हसनपुरा, अजमेर पुलिया के पास रह रहे बाशिंदों को कंबल वितरण कर भीषण सर्दी से राहत पहुंचने का प्रयास किया गया। अस्थाई रैन बसेरों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आमजन को कोई तकलीफ नहीं हों, इसके लिए फीडबैक लेकर निगम की ओर से व्यवस्था कुंज रही है। जरूरत मंद अपनी आई डी दिखाकर कर निशुल्क प्रवेश पा सकता हैं। महिलाओं के लिए रैन बसेरों में रुकने की विशेष व्यवस्था की गई है।

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने गुरूवार को रैनबसेरों का निरीक्षण किया और जरूरतमंदों को गर्म कंबल भी वितरित किए।

8 से 12 जनवरी तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव

जयपुर । राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 8 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव एवं राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने इस सम्बन्ध में गुरुवार को एसएमएस स्टेडियम में एफएम चैनल्स प्रतिनिधियों (रेडियो जॉकीज) के साथ बैठक कर उन्हें आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए व्यापक कवरेज के लिए आमंत्रित किया। डॉ. पवन ने कहा कि एफएम चैनल्स संचार का प्रभावी माध्यम हैं, जो युवाओं में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। एफएम चैनल्स के कार्यक्रम भी आम तौर पर युवाओं पर आधारित होते हैं। ऐसे में राजधानी जयपुर में होने जा रहा यह आयोजन एफएम चैनल्स के लिए एक विशेष अवसर होगा। उन्होंने कहा कि रेडियो जॉकीज द्वारा अपने चिर-परिचित अंदाज में युवा महोत्सव के कवरेज से प्रतिभागी युवा प्रेरित और प्रोत्साहित होंगे।

स्टोन टेक्नोलॉजी पर किशनगढ़ में चर्चा होगी

जयपुर। भारत में स्टोन इंडस्ट्री की ग्रोथ के लिए कार्यरत संगठन ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम की ओर से किशनगढ़ में दो दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन किया जायेगा।

आगामी 9 से 10 जनवरी को मार्बल एसोसिएशन के सभागार में आयोजित इस सेमिनार में इटली और ईरान के स्टोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ख्यात विशेषज्ञ और देशभर के 500 से अधिक डेलीगेट्स भाग लेंगे। यह जानकारी लघु उद्योग भारती के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में स्टोनमार्ट-2026 के कन्वीनर और लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष नटवरलाल अजमेरा ने दी।

उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम की ये सेमिनार अंतर्राष्ट्रीय स्टोन टेक्नोलॉजी और डायमेंशनल स्टोन सेक्टर में नवीनतम प्रगति और अभिनव रुझानों पर केंद्रित है। यह डायमेंशनल स्टोन के उपयोगकर्ताओं और उत्पादकों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी और मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं, आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स, बिल्डर्स और अन्य हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है ताकि वे सभी प्रतिभागियों के लाभ के लिए सहयोग और अपने ज्ञान को साझा कर सकें।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य मूलमंत्र प्रौद्योगिकी है, इसलिए इस विषय में डायमेंशनल पत्थर उद्योग में नवीनतम तकनीकी प्रगति और विकास को शामिल किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित उद्यमियों द्वारा ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रासंगिक विषयों को शामिल किया जाएगा तो वहीं विपणन, पत्थर के अनुप्रयोग, वास्तुकला उपयोग, अपशिष्ट और पत्थर के स्लरी के उपयोग के नए रुझानों से संबंधित कुछ अन्य क्षेत्रों पर भी फोकस किया जाएगा।

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स और रीको द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती सह-आयोजक है और इसके साथ ही उद्योग जगत के लीडर्स नवीनतम तकनीकों, टिकाऊ प्रथाओं और नवाचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएंगे, जो पत्थर उद्योग के भविष्य को आकार दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में स्टोन इंडस्ट्री से जुड़े 25 से अधिक स्टोन प्रोसेसिंग में उपयोगी विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। चेयरपर्सन मदनलाल जांगिड़ ने बेंगलुरु में 12 से 15 फरवरी को आयोजित स्टोना-2025 की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंडियन ग्रेनाइट एंड स्टोन इंडस्ट्री के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, महासचिव मनोज सिंह, फ़िगसी के स्किल डेवलेपमेंट सेंटर के चेयरपर्सन ईश्वेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। संचालन एलयूबी के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीए योगेश गौतम ने किया।

लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष नटवरलाल अजमेरा ने स्टोनमार्ट-2026 के बारे में जानकारी साझा की।

- इस अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में स्टोन की वैल्यू एडेड प्रोडक्ट की नई मशीनरी और तकनीक पर होगी खास चर्चा

साइबर ठगों की धरपकड़ के लिए एक माह अभियान चलायेगी पुलिस

जयपुर । राजस्थान में संगठित साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस 1 माह तक "ऑपरेशन साइबर शील्ड" अभियान चलायेगी। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने गुरुवार से इस महीने के अंत तक यह अभियान चलाने का निर्णय किया है। महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू के निर्देशन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, साइबर प्रकरणों व परिवादों के निस्तारण एवं राज्य के नागरिकों को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से राज्य में 2 जनवरी से 31 जनवरी तक लगातार कार्रवाई होगी। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि राजस्थान में बढ़ते साइबर अपराधों के आपराधिक ग्राफ को दृष्टिगत रखते हुए एक महीने तक चलने वाले इस विशेष साइबर अभियान के दौरान 7 बिंदु निर्धारित किए गए हैं, जिस पर पूरे माह सतत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए समस्त पुलिस रेंज व जिलों के उच्च अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं पत्राचार के माध्यम से जारी किए जा चुके है।

सार-समाचार

पुलिसकर्मी आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें : डी.जी.पी.

पुलिस मुख्यालय में गुरूवार को आयोजित नववर्ष स्नेह मिलन समारोह में डी.जी.पी. उत्कल रंजन साहू ने सभी पुलिसकर्मियों से हाथ मिलाकर उन्हें बधाई दी।

जयपुर । पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित नववर्ष स्नेह मिलन समारोह में सभी पुलिस कर्मियों और उनके परिवारजनों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। डीजीपी साहू ने साल 2024 में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम में पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से नये साल में भी निष्ठापूर्वक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने एवं प्रदेश में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का आव्हान किया। साहू ने कहा कि राजस्थान की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तत्परता से कार्य जारी रखने की अपील करते हुए कहा कि नये साल में पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारी पूरे जोश और ईमानदारी से राज्य सरकार एवं विभाग द्वारा प्रदत दायित्वों को पूरा करते हुए जनता की सेवा का संकल्प लें। नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह में महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश, हेमंत प्रियदर्शी, गोविन्द गुप्ता व संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अशोक राठौड़, मालिनी अग्रवाल, स्मिता श्रीवास्तव, बिनीता ठाकुर, संजीब नार्झरी, विशाल बंसल, हवासिंह घुमरिया, बिपिन कुमार पाण्डेय, सचिन मित्तल, अनिल पालीवाल, भूपेंद्र साहू, आनंद श्रीवास्तव, डॉ. प्रशाखा माथुर, बीएल मीणा, वीके सिंह, रुपिंदर सिंघ एवं लता मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण एवं पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद थे।

12 साल से फरार वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर । विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के मामले में बारह साल से फरार चल रहा एक तीन हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के मामले में बारह साल से फरार चल रहे तीन हजार रुपये के इनामी बदमाश बहादुर निवासी बालाघाट जिला करौली को गिरफ्तार किया है। जो पुलिस से बचने के लिए कई जगहों पर फरारी काट रहा था। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ले गए बदमाश

जयपुर । बाइक सवार दो बदमाश पति के साथ स्कूटी से बाजार जा रही महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। घटना को लेकर महिला के पति ने झोटवाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस के अनुसार रामनगर कालवाड़ रोड निवासी प्रेम प्रकाश गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने पत्नी के साथ स्कूटी से बाजार जा रहा था इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और उसकी पत्नी के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडित कुछ समझ पाते तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। घटना 15 दिसम्बर की दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। शास्त्री नगर थाना इलाके में भजन संध्या के दौरान किसी ने एक बुजुर्ग महिला की सोने की चेन पार कर ली। पुलिस के अनुसार विनोबा नगर गिरधर मार्ग निवासी चिराग ताम्बी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी मां चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर गई थी। वहां पर रात करीब 9 बजे किसी ने उनके गले से सोने की चेन पार कर ली।

खुले में मांस बेचने पर 9 दुकानें सीज

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नगर निगम हैरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खुले में नियमों के विपरीत मांस बेचने पर नौ दुकानें सीज की है।

इस संबंध में हैरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव के निर्देश पर खुले में मांस बेचने पर सतर्कता शाखा और पशु प्रबंधन शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को चांदपोल स्थित मस्जिद कुरेशियान के बाहर टीम को नियमों के विपरीत खुले में मांस बेचते हुए दुकानें मिली, जिस पर सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शर्मा ने कार्रवाई करते हुए नौ दुकानों को सीज कर दिया, साथ ही 150 किलो मांस को जब्त कर नष्ट कराया है। आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि इस दौरान अन्य दुकानों पर चालान किया गया और खुले में मांस नहीं बेचने की हिदायत भी दी गई है।

वहीं, हैरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने परकोटे में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 32 जगहों से अतिक्रमण को हटा दिया।

इस संबंध में उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव के निर्देश पर सड़क और बरामदों पर अस्थाई अतिक्रमण करने पर टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, सुभाष चौक, आमेर रोड, चांदपोल बाजार, संजय सर्किल, अजमेर रोड, रामनगर मेट्रो स्टेशन, पुरानी चुंगी, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, भगवान दास रोड, न्यू गेट, अजमेरी गेट, घाट गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाईपास तक 32 अस्थाई अतिक्रमण हटा दिए। साथ ही 6000 परिवहन शुल्क की रसीद जारी कर और चार ट्रक सामान जब्त किया गया है।

- हैरिटेज निगम ने जब्त किया 150 किलो मांस
- सतर्कता शाखा ने हटाए 32 जगहों से अस्थाई अतिक्रमण

'काल स्वयं मुझसे डरा है, मैं काल से नहीं'

स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदान को सलाम करने के साथ 7वें राजरंगम् का आगाज

जयपुर। स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदान को सलाम करने के साथ 7वें राजरंगम् (राजस्थान रंग महोत्सव) का गुरुवार को आगाज हुआ। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और एक्टर्स थिएटर एट राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिवसीय महोत्सव का आयोजन जवाहर कला केन्द्र में किया जा रहा है। पहले दिन महोत्सव के निर्देशक चन्द्रदीप हाडा के निर्देशन में नाटक "कालपुरुष:क्रांतिकारी वीर सावरकर" का मंचन किया गया जिसकी कहानी जयवर्धन ने लिखी है। नाटक में वीर सावरकर की जीवन गाथा को मंच पर साकार किया गया। शुक्रवार को शाम 6:30 बजे योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में एनिमी ऑफ द पीपल नाटक खेला जाएगा।

सावरकर माने तेज, त्याग, तप, तर्क, तीर, तलवार, पर्दा उठता है और अटल बिहारी वाजपेयी की यह पंक्तियां सभागार में गूंजती है। जो ज्योत जलाई क्रांति की वो ज्योत नहीं बुझने देंगे, क्रांति के ये अमरदूत अपना युद्ध न रुकने देंगे सावरकर अपने साथियों के साथ भारत को स्वतंत्र कराने की शपथ लेते हैं। इसी के साथ नाटक आगे बढ़ता है। अभिनव भारत संगठन बनाकर सावरकर विदेशी कपड़ों की होली जलाते हैं, यह मुहिम बाल गंगाधर जैसे क्रांतिकारी को भी प्रभावित करती है, सावरकर का नाम पूरे देश में गूंज उठता है। अपने भाई को भारत में क्रांति की मशाल थमाकर सावरकर लंदन लॉ करने के लिए चले जाते हैं। यहां इंडियन हाउस में भी उनका आंदोलन जारी रहता है।

सावरकर इंडियन हाउस में 1857 की क्रांति की स्वर्णिम उत्सव मनाते हैं। लंदन में फ्री इंडिया सोसाइटी संस्था के बैनर तले सावरकर सभी क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ब्रिटिश सरकार सावरकर को कैद कर भारत वापस भेज देती है। वापसी के समय फ्रांस में सावरकर अंग्रेजों को चकमा देकर जहाज से फरार हो जाते हैं। उन्हें फिर पकड़ा जाता है और भारत ले जाकर दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाती है। सावरकर के जिंदगी में यातनाओं का दौर शुरू होता है लेकिन उनके मन की आग का दमन नहीं होता। सावरकर जेल से बाहर आकर हिंदू समाज की जागृति में लग जाते हैं। भारत को आजादी मिलती है लेकिन भारत के विभाजन की बात सावरकर को जीवन भर खलती रहती है। काल स्वयं मुझसे डरा है मैं काल से नहीं साहसी सावरकर अंत में मौत की देवी का आव्हान करते हैं।

नाटक में सावरकर की तथाकथित माफी का भी खंडन किया जाता है कि कैसे तथ्यों को तोड़-मरोड़कर उनके खिलाफ उपयोग किया गया। नाटक में सावरकर के साथ-साथ वीर शिवाजी, चापेकर बंधु, प्रफुल्ल चंद चाकी, खुदीराम बोस, मदन लाल ढींगरा और सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान को भी याद किया गया। निर्देशक ने लंबी रिसर्च के बाद नाटक में बेहतर विजुअल और ऑडियो प्रेजेंटेशन के साथ नाटक प्रस्तुत किया। निर्देशक डॉ. चन्द्रदीप हाडा ने वीर सावरकर की भूमिका निभाई। अन्य कलाकारों में मोनिका भार्गव सिंह, दिलीप सिंह, देवांश गोधा, सुरूची शर्मा, देवेंद्र सिंह शेखावत, प्रकाश चन्द्र सैनी, संजय व्यास, नितेश कुमार जोसफ, लक्ष्य सिंह/प्रियंक चौधरी, घनश्याम प्रजापत, अंकित सिंह, मंजीत गुर्जर, राकेश चौधरी, कृष्ण शर्मा, भूषण शर्मा, विपिन राय मिश्रा, हिना केसवानी शामिल है। प्रकाश परिकल्पना पवन शर्मा, चित्र निर्माण संयोजक संदीप महेन्द्र, चित्रकार सावित्री शर्मा, वॉइस ओवर गौरव शर्मा, वीडियो ओवर अंकित जैन, संगीत व वीडियो संचालन शुभम मीना, सार्थिका माथुर, कृष्ण शर्मा, वस्त्र निर्माण मनसुख लाल, रूप-सज्जा संजय सेन, सामग्री व्यवस्था देवेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह, नितेश कुमार, अंकित सिंह, मंजीत गुर्जर ने संभाली। लक्ष्य सिंह प्रस्तुति संयोजक, हिना केसवानी सहायक निर्देशिका और मोनिका भार्गव सह निर्देशिका रही।

जवाहर कला केन्द्र में गुरूवार को राजरंगम महोत्सव के पहले दिन चन्द्रदीप हाडा के निर्देशन में नाटक "कालपुरुष:क्रांतिकारी वीर सावरकर" का मंचन किया गया।

- आज होगा "एनिमी ऑफ द पीपल" नाटक का मंचन

प्रमुख सचिव से लेकर सी.एम.एच.ओ. ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुगम एवं बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग निरंतर नवाचार कर रहा है। नवाचार के तहत सीधा संवाद के माध्यम से चिकित्सा संस्थानों का नियमित रूप से निरीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को प्रदेशभर में तीसरे सीधे संवाद का आयोजन कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। विभाग की प्रमुख शासन सचिव से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य केंद्रों पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य सेवाओं का वीडियो कॉल के माध्यम से हाल जाना और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने अलवर जिले के उमरैण, भरतपुर के भुसावर, बीकानेर के पांचू सहित अन्य स्थानों पर वीडियो कॉल कर चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीसीएमओ, चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत चिकित्सकों, सुपरवाइजर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद किया। संवाद के दौरान राठौड़ ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत संस्थागत प्रसव, टीकाकरण आदि मानकों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

प्रमुख शासन सचिव ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का प्रभावी रूप से आयोजन सुनिश्चित करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों की इन शिविरों में जांच एवं स्क्रीनिंग की जाए, ताकि आमजन को रोग की स्थिति गंभीर होने से पूर्व ही आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाकर राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि इन कैम्पों में कैंसर व टीबी स्क्रीनिंग सहित अन्य जांचों पर फोकस किया जाए। प्रभावी स्क्रीनिंग होने से से स्वास्थ्य मानकों को बेहतर करने में मदद मिलेगी। साथ ही, आमजन स्वस्थ्य जीवन शैली के प्रति जागरूक हो सकेंगे। राठौड़ ने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कम्यूनिटी हैल्थ आफिसर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रिवेंटिव एवं प्रमोटिव गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। यहां उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ लोगों को मिले। अस्पताल में उपलब्ध सभी संसाधनों, जांच मशीनों आदि का समुचित उपयोग हो।

चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरूवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये गांव-ढाणी के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मातृ-शिशु स्वास्थ्य समेत अन्य सेवाओं का का हाल जाना।